**खबर संक्षेप**

## चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर में घुसकर चुराई नगदी व आभूषण

**यमुनानगर।** गांव अलाहर में चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर में घुसकर नगदी तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, गांव अलाहर निवासी ममता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 23 नवंबर को दोपहर तीन बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। शाम को सात बजे जब वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर बेड के सिरहाने में रखे पर्स से चार हजार रुपये, सोने का टिक्काए हाथों के दस्तबंद तथा चांदी का कड़ा गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## घटिया सामग्री बेचने की सीएम विंडो पर की शिकायत

**रादौर।** कस्बा रादौर व आसपास के गांवों में हलवाई व करियाने की दुकानों पर घटिया खाद्य सामग्री बेची जा रही है। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री को सीएम विंडो के माध्यम से भेजी शिकायत में डॉ. लाभ सिंह ने बताया कि ये दुकानदार घटिया सामग्री बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन शिकायत मिलने के बाद भी प्रशासन की ओर से आज तक इस बारे कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे हलवाई व करियाने की दुकानों पर घटिया खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के हौसले बुलंद हो गए है। शिकायत के माध्यम से डा. लाभ सिंह ने बताया कि ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि जब तक ऐसे दुकानादों पर कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकेगी तब तक ये लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे। जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द प्रशासन छापेमारी कर ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करे ताकि आम नागरिकों को इन द्वारा परोसे जा रहे जहर से बचाया जा सके। उन्होंने मांग की कि नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाया जाए।

### ई ऑफिस से होगा फाइलों का संचालन, कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग

# नगर निगम में अब एक क्लिक पर मिलेगी फाइल की पूरी जानकारी

अब पारदर्शिता से होंगे निगम में कार्य, फाइल गुम होने की दिक्कत से भी मिलेगा छुटकारा

**फाइल पास होने में हो रही अनावश्यक देरी का भी पता चलेगा, काम में बढ़ेगी पारदर्शिता**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

नगर निगम में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए अब ई ऑफिस प्रकिया को चलू किया जा रहा है। इससे एक तो निगम के कार्यों में तेजी आएगी और साथ ही लोगों के रुके कार्य जल्दी हो सकेंगे। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि अब निगम में कामकाज को सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए नगर निगम ई ऑफिस के माध्यम से कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि ई-आफिस के माध्यम से निगम के विकास कार्यों से लेकर हर तरह के प्रस्तावों और भुगतान की फाइलों का संचालन किया जाएगा। ई ऑफिस में सभी फाइलों को पहले सॉफ्टवेयर में दर्ज किया जाएगा। जिससे हर फाइल को यूनिक आइडी बनाई जाएगी। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई के लिए दूसरे पटल पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से यह पता चल सकेगा कि फाइल किस पटल पर क्यों और कितने दिन से अटकी है। यह सब उन्हें अब ऑनलाइन पता चल सकेगा। इससे दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली मजबूत होगी और फाइल गुम होने की दिक्कत नहीं आएगी। मेयर और नगर निगम आयुक्त इस प्रक्रिया के माध्ये से फाइलों की पूरी जानकारी ले सकेंगे। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर मंगलवार को निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने ई ऑफिस के माध्यम से किसी भी कार्य की फाइल चलाने का प्रशिक्षण लिया। नगर निगम की प्रोग्रामर नेहा चुघ ने अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान ई ऑफिस में किसी कार्य की फाइल बनाने, कार्य से संबंधित विषय, फाइल में दस्तावेज जोड़ने और फाइनल फाइल तैयार कर उसे आगे भेजने समेत विभिन्न जानकारी दी गई। आयुक्त ने बताया कि अब किसी भी व्यक्ति को भुगतान संबंधी जो विवाद होते थे, उन पर अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि निगम से दस्तावेज संबंधी कार्य अब शीघ्रता से होंगे। इस प्रक्रिया के माध्यम से दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली मजबूत होगी। साथ ही फाइल गुम होने की दिक्कत नहीं आएगी। एक क्लिक से अधिकारी व कर्मचारी फाइलों की पूरी जानकारी ले सकेंगे।



**यमुनानगर।** नगर निगम कार्यालय में ई ऑफिस का प्रशिक्षण लेते निगम अधिकारी व कर्मचारी।

## रादौर ने अलाहर को हरा जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

- युवा क्रिकेट क्लब द्वारा गांव सिलीकलां में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन
- उमेश बुबका ने पुरस्कार बांटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

युवा क्लब सिलीकलां के तत्वावधान में गांव में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ क्षेत्र के समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश बुबका ने रिबन काटकर किया। आयोजकों ने मुख्यातिथि उमेश बुबका को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच रादौर की टीम व अलाहर की टीम के बीच खेला गया। जिसमें रादौर की टीम ने अलाहर की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। मौके पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि उमेश बुबका ने कहा कि युवा वर्ग नशा जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेलों की ओर ध्यान देकर अपना भविष्य बनाएं। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए युवा क्रिकेट क्लब की सराहना की। इस अवसर पर सरपंच अरुण कांबोज, सीटू,आशु, शंटी कांबोज, विनोद व राहुल कांबोज आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गांव सिलीकलां में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

## छात्रा वेदिका सांगवान ने जीती राइजिंग डांस प्रतियोगिता

- श्री गणेश गुरुकुल अकादमी की छात्रा वेदिका ने करनाल में आयोजित राइजिंग स्टार डांस प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

श्री गणेश गुरुकुल अकादमी रादौर की छात्रा वेदिका सांगवान ने गत दिवस करनाल में आयोजित राइजिंग स्टार डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मंगलवार को छात्रा वेदिका सांगवान के अकादमी में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। अकादमी के प्रबंधक रामकुमार व प्रधानाचार्य सोना ने बताया कि गत दिवस करनाल में राइजिंग स्टार डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व हिमाचल से 251 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उनकी अकादमी के बच्चों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में उनकी अकादमी की छात्रा वेदिका सांगवान बपौली ने कड़े मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्रा वेदिका को मेडल, प्रमाणपत्र, ट्राफी व 5100 रूपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्रबंधक रामकुमार व प्रधानाचार्य सोना ने बताया कि मंगलवार को वेदिका सांगवान का अकादमी में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि वेदिका सांगवान ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।




**यमुनानगर।** रादौर में श्री गणेश गुरुकुल अकादमी की छात्रा वेदिका सांगवान को सम्मानित करते हुए प्रबंधक व अन्य।

## वाहन चलाते समय यातायात नियम मानें

- जिला पुलिस प्रशासन ने शहर में सार्वजनिक समेत विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर ऑटो चालकों को यातायात के नियमों के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन ने पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशन में मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर आटो चालकों को यातायात के नियमों की पालना करने के लिए जागरुक किया गया। अभियान का नेतृत्व थाना यातायात पुलिस के प्रभारी कुशल पाल राणा ने किया। थाना यातायात प्रभारी कुशल पाल ने ऑटो चालकों को समझाया कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए गति सीमा का पालन करना, वाहन की नियमित जांच कराना और सड़क संकेतों का पालन करना न सिर्फ अनिवार्य है। बल्कि उनकी अपनी सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि कई सड़क दुर्घटनाएं केवल इसलिए होती हैं क्योंकि ड्राइवर जल्दबाजÞी में नियमों की अनदेखी कर देते हैं। उन्होंने कहा कि धुंध और सर्दी के मौसम में दृश्यता कम हो जाती है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इस स्थिति से निपटने के लिए वाहन चालकों को लो बीम हेडलाइट का प्रयोग करने, इंडिकेटर सही समय पर लगाने और अचानक ब्रेक लगाने से बचने की सलाह दी गई।

इसके अलावा, वाहन के आगे और पीछे रिफ्लेक्टर लगाने के महत्व पर भी जोर दिया गया। ताकि धुंध में वाहन दूर से ही दिखाई दे सकें। उन्होंने आटो चालकों को वाहन चलाते समय यातायात के नियमों की कड़ाई से पालना करने के लिए आहवान किया। मौके पर पुलिस कोर्डिनेटर उप निरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुधारना तभी संभव है। जब वाहन चालक स्वयं जागरूक हों और नियमों का पालन करें। उन्होंने ऑटो चालकों से आग्रह किया कि वह यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और ड्राइविंग के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।



**यमुनानगर।** सार्वजनिक स्थान पर ऑटो चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।




**यमुनानगर।** कस्बा रादौर से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना होते कार्यकर्ता।

## कुरुक्षेत्र में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने गया जत्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

**सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने दिखाई हरी झंडी**

गीता जयंती के अवसर कुरूक्षेत्र में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल के नेतृत्व में मंगलवार को कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हुए। रवानगी से पूर्व कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में नारेबाजी की। इस अवसर पर चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रादौर विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित किया व उनके साथ कुरुक्षेत्र रैली के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर गीता जयंती के महत्व को बताएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म की जय जयकार हो रही है। इस अवसर पर चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, रोहित अरोड़ा, प्रदीप शर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डिजिटल मार्केटिंग की अहम भूमिका : कुमार

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन में स्टार्टअप एवं व्यवसाय विषय पर आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन (रादौर) में एमएसएमई डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस द्वारा एक दिवसीय स्टार्टअप एवं व्यवसाय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने की। मुख्य वक्ता एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि आधुनिक प्रतिद्वंद्वी बाजार में डिजिटल मार्केटिंग की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। जबकि पारंपरिक मार्केटिंग भी उपभोक्ताओं तक प्रभावी रूप से पहुंच बनाने में आज भी उतनी ही सार्थक है। मौके पर दूसरे वक्ता सहायक निदेशक मीनू धीमान ने उद्योग पंजीकरण, स्टैंडअप इंडिया योजना, बौद्धिक संपदा अधिकार व उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजनाएं युवाओं को नवाचार आधारित व्यवसाय स्थापित करने में सहायक होती हैं। वहीं, एक अन्य वक्ता शशि गुप्ता ने प्रधानमंत्री माइक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यम औपचारिककरण योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नए व्यापारिक अवसरों, सरकारी योजनाओं व व्यवसाय स्थापना से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाना रहा। उन्होंने कहा कि व्यवसाय शुरू करना केवल आर्थिक गतिविधि नहीं है। बल्कि नवीन सोच, दृढ़ निश्चय व आत्मविश्वास का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रेरणा, ज्ञान और साहस का संचार करते हैं। जिससे वह नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि भविष्य में रोजगार प्रदान करने वाले बन सकें। मौके पर विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे। जिनका विशेषज्ञों ने उत्तर देकर उनका मार्ग दर्शन किया।



**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते वक्ता।

## शादी से छह दिन पहले युवती लापता

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी से शादी से छह दिन पहले युवती अचानक घर से लापता हो गई। बताया जा रहा है कि छह दिन बाद युवती की शादी जगाधरी के एक युवक से होनी तय थी। घर पर शादी की तैयारियां चल रही थी। पुलिस ने मामले की सूचना के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि रविवार रात को युवती खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर सो गई। परिवार के अन्य सदस्य भी अपने-अपने कमरे में सो गए। सुबह जब युवती अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों ने बाहर से आवाज लगाई मगर अंदर से कोई उत्तर नहीं आया। इसके बाद परिजनों ने दरवाजे को तोड़कर देखा तो पीछे की खिड़की खुली हुई थी और लड़की कमरे से गायब थी। यह देखकर घर में मातम पसर गया। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों व युवती की सहेलियों के पास फोन कर उसके बारे में पता किया गया मगर उसका कुछ भी पता नहीं चला। बाद में परिजनों ने युवती के गायब होने की सूचना पुलिस को दी। जांच अधिकारी एएसआई तेजबीर सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।

**जागरुकता** जिला सचिवालय में बाल विवाह रोकथाम एवं बाल संरक्षण को लेकर बैठक का आयोजन

# बाल विवाह करवाना एक गैर जमानती अपराध : अनिल

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार व श्याम शुक्ला ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

बाल विवाह रोकथाम एवं बाल संरक्षण को लेकर जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों अनिल कुमार व श्याम शुक्ला ने की। उन्होंने संबंधित विभागों के बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों से बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, किशोर न्याय अधिनियम और बच्चों के प्रति होने वाले सभी प्रकार के शोषण की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक संज्ञेय अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है या उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है तो दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। वहीं, आयोग के दूसरे सदस्य श्याम शुक्ला ने बताया कि बाल विवाह एक कुप्रथा है। यह बच्चों से उनका बचपन छीन लेता है और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन से वंचित कर देता है। मौके पर महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा ने बताया कि विभाग की सभी सुपरवाइजर व आंगनबाड़ी वर्कर इस विषय पर सतर्कता से कार्य कर रही हैं। वहीं, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि समाज को जागरूक होते हुए पुजारियों, काजियों, पुरोहितों, पादरियों और अन्य धार्मिक नेताओं, सरपंचों, पंचों व पार्षदों के साथ मिलकर व्यापक रूप से काम करने की आवश्यकता है। मौके पर बाल कल्याण समिति सदस्य अधिवक्ता मोनिका रानी और पूनम अग्रवाल ने भी अपने सुझाव दिए।




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिए दिशा-निर्देश देते हुए आयोग के सदस्य अनिल व श्याम शुक्ला। *फोटो : हरिभूमि*

**सार्वजनिक स्थानों पर कर रहे जागरूक**

उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया और स्वास्थ्य विभाग से उप मुख्य चिकित्सक अधिकारी डॉ. वागीश ने बताया कि बाल विवाह के मामलों में पूरा सहयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास के मिशन वात्सल्य बाल विवाह निषेद को लेकर स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों पर इसकी जागरुकता की जा रही है। मौके पर संरक्षण अधिकारी आंचल त्यागी, प्रीती शर्मा, मुनीश कुमार, मुकेश कंसल व गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## २८ को ज्योतिबा की पुण्यतिथि पर करेंगे श्रद्धांजलि सभा

- सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने श्रद्धांजलि सभा के लिए निमंत्रण दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



सैनी समाज रादौर की ओर से 28 नवंबर को महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित करेगी। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में सर्व समाज के लोग महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि प्रदान करेंगे। उन्होनें बताया कि समाज के लोग महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा समाज कल्याण के लिए दिए गए योगदान को याद कर उन्हें आने वाली पीढ़ी को बताएंगे।

जिससे आने वाली पीढ़ी समाज के महात्माओं द्वारा दिए गए योगदान के बारे में जान सके। महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी को पढ़ा लिखाकर देश की महिलाओं को शिक्षित करने का काम किया। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे और महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धांजलि भेंट करें।

**खबर संक्षेप**



## क्रिकेट में जूनियर ने सीनियर टीम को दी मात

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के खेल परिसर में जारी 6 दिवसीय आयु खेल स्पर्धा 2025 के दूसरे दिन मंगलवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दिनभर क्रिकेट, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और बास्केटबॉल की स्पधाएं आयोजित की गईं। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. रविराज ने बताया कि महिला क्रिकेट में बीएएमएस अंतिम वर्ष और एमडी/एमएस के बीच हुए मुकाबले में जूनियर टीम ने सीनियर टीम को मात देकर जीत दर्ज की। वहीं विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारियों और बीएएमएस विद्यार्थियों के बीच हुए क्रिकेट मैच में गैर-शिक्षक कर्मचारियों की टीम विजयी रही।

## संस्कृत स्तोत्र गायन प्रतियोगिता 30 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा केन्द्र में साल भर चलने वाले भारतीय संस्कृति को बढ़ाने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में इस माह 30 नवंबर 2025 को भारत रत्न श्री गुलजारीलाल नंदा केंद्र द्वारा संस्कृत स्तोत्र गायन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है यह प्रतियोगिता हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला के सौजन्य से आयोजित की जा रही है। केन्द्र की निदेशक प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र जिले के स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भाग ले सकती है इसमें दो ग्रुप होंगे जूनियर ग्रुप जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के छात्र व छात्राएं और दूसरे ग्रुप में 9 से लेकर 12वीं तक के छात्र भाग ले सकते हैं।

## यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी का रक्तदान शिविर जारी



**कुरुक्षेत्र।** यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर अनुसंधान विकास केंद्र द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के तट पर बूथ नंबर 747 पर ब्लड एवं स्वास्थ्य कैंप की सेवाएं जारी हैं। संस्था के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर झांसा ने बताया कि संस्था पिछले 25 वर्षों से रक्तदान की सेवाएं दे रही है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 2017 से लगातार रक्तदान एवं स्वास्थ्य कैंप लगाकर जरूरतमंदों एवं थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान मुहैया कराने का कार्य कर रही है। संस्था के नाम कई कीर्तिमान स्थापिंत है।रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 शहीदी दिवस को समर्पित किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीगुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर किया संबोधित

# हमारे गुरुओं की परंपरा राष्ट्र की आधारशिला : पीएम

1. शहीदी दिवस पर विशेष स्मृति सिक्के, डाक टिकट और कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन
2. बच्चों ने गुरु साहिब के जीवन पर आधारित सैंड आर्ट से कार्यक्रम में आध्यात्मिक गरिमा भरी

**पीएम ने कहा**

- तेग बहादुर जी का बलिदान जबरन धर्म परिवर्तन से बचाने के लिए दिया गया एक अद्वितीय त्याग
- आज वे रामायण की नगरी अयोध्या और गीता की भूमि कुरुक्षेत्र, दोनों पवित्र स्थलों के संगम के साक्षी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर आयोजित समागम में शिरकत की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की विरासत का एक शानदार संगम है। उन्होंने बताया कि सुबह वे रामायण की नगरी अयोध्या में थे और अब वे गीता की नगरी कुरुक्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग आज यहां श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके 350वें शहीदी दिवस के मौके पर उनको श्रद्धांजलि देने के लिए आए हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में संतों और सम्मानित संगत को अपना सम्मानपूर्ण अभिवादन व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने सबसे पहले गुरु ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेका। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कृष्ण पाल गुर्जर और अन्य गणमान्य कार्यक्रम में मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर एक सिक्का, एक यादगार स्टैम्प और एक कॉफी टेबल बुक भी जारी की। गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के सम्मान में, भारत सरकार एक साल तक चलने वाला कार्यक्रम मना रही है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और विरासत पर लगी प्रदर्शनी भी देखी। इस मौके पर, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को एक सिरोपा भेट किया।

**संगत को संबोधित करते प्रधानमंत्री**







**कुरुक्षेत्र।** स्मारक डाक टिकट का विमोचन करते और सिक्का का विमोचन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, साथ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### श्रीगुरु तेग बहादुर का जीवन बड़ी प्रेरणा

पीएम ने कहा कि कुरुक्षेत्र की यह पवित्र भूमि, सिख परंपरा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इस भूमि का सौभाग्य है कि सिख परंपरा के लगभग सभी गुरु अपनी पावन यात्राओं के दौरान यहां आए। जब नौवीं पातशाही, श्री गुरु तेग बहादुर जी इस पवित्र भूमि पर पधारे, तो उन्होंने यहां अपने गहन तप और निर्भीक साहस की छाप छोड़ी थी। हमारे गुरुओं की परंपरा राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि श्रीगुरु तेग बहादुर जी जैसे व्यक्तित्व, इतिहास में विरले ही होते हैं। उनका जीवन, उनका त्याग, उनका चरित्र बहुत बड़ी प्रेरणा है। मुगल आक्रांताओं के उस काल में, गुरु साहिब ने वीरता का आदर्श स्थापित किया। मुगल आक्रांताओं के उस काल में कश्मीरी हिंदुओं का जबरन धर्मांतरण किया जा रहा था। श्री गुरु साहिब ने उन पीड़ितों को जवाब दिया था, कि आप सब औरंगजेब को कह दें, यदि श्री गुरु तेग बहादुर इस्लाम स्वीकार कर लें, तो हम सब इस्लाम धर्म अपना लेंगे। इन वाक्यों में श्री गुरु तेग बहादुर जी की निडरता, उसकी पराकाष्ठा थी। इसके बाद क्रूर औरंगजेब ने गुरु साहिब को बंदी बनाने का आदेश दिया।

### 350 बच्चों ने किया गुरु कीर्तन

इस मौके पर 350 बच्चों ने गुरु कीर्तन किया। श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनके सर्वोच्च बलिदान को प्रदर्शित करते हुए एक सैंड आर्ट शो भी दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 5-6 साल पहले एक और अद्भुत सयोंग बना था। साल 2019 में 9 नवंबर को जब राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया था, तो उस दिन वे करतारपुर कोरिडॉर के उद्घाटन के लिए डेरा बाबा नानक में थे। वे उस समय यही प्रार्थना कर रहे थे कि राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो, करोड़ों राम भक्तों की आकांक्षा पूरी हो और हम सभी की प्रार्थना पूरी हुई, उसी दिन राम मंदिर के पक्ष में निर्णय आया। अब आज अयोध्या में जब धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है, तो फिर उन्हें सिख संगत से आशीर्वाद लेने का मौका मिला है। इस ऐतिहासिक अवसर पर, भारत सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के चरणों में, एक स्मृति डाक टिकट और विशेष सिक्का भी जारी किया है।



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर पर सांध्य कालीन महाआरती में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## गीता का संदेश हर हरियाणवी के रगों में : नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता और गुरुओं की पावन धरती हरियाणा आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब हिन्द की चादर श्रीगुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर प्रदेश सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में आयोजित समागम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित प्रदेश के कई मंत्री, सांसद, विधायक और विशाल संख्या में पहुंची साध-संगत उपस्थित रही। समारोह की शुरूआत गुरु ग्रंथ साहिब की पावन हजूरी में नमन और वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के उच्चारण के साथ हुई। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के असाधारण बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाओं और साहस ने पीढ़ियों को वीरता का संदेश दिया है। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत को नमन करने और उनको श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए हरियाणा को चुनने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।

**350 रक्तदान शिविर लगाए**

*नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु जी के शहीदी दिवस पर प्रदेश सरकार ने हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के साथ मिलकर अनेक आयोजन किये हैं, ताकि गुरु जी की शिक्षाएं प्रदेश के बच्चे-बच्चे तक पहुंचे। गत 1 नवम्बर से पूरे प्रदेश में रोड़ी (सिरसा), पिंजौर (पंचकूला), फरीदाबाद और साढौरा (यमुनानगर ) से चार यात्राएं निकाली गईं। तब से शुरू करके आज तक प्रदेश में 350 रक्तदान शिविर आयोजित किये, जिनमें 27 हजार यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। सरकार ने इस विश्वविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, दर्शन और कार्यों पर चेयर स्थापित करने का निर्णय भी लिया।*

**प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते सीएम**



**महाभारत अनुभव केंद्र का अवलोकन करते पीएम**



### अनुभव केन्द्र से दुनिया महाभारत के युग को साक्षात देख सकेगी

नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता का संदेश हर हरियाणवी के रगों में है। जब 6 अक्तूबर, 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र में आए थे, तो उन्होंने कहा था कि कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उनसे प्रेरणा प्राप्त कर हमने गीता महोत्सव को कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरूआत वर्ष 2016 में की थी। तबसे अब तक इसमें 4 देशों व 6 राज्यों ने भागीदारी की है। यही नहीं, देश से बाहर 6 देशों में भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया गया है। आज इस पावन धरा पर प्रधानमंत्री के कर कमलों से अनुभव केन्द्र का उद्घाटन हुआ है। इसके माध्यम से अब पूरी दुनिया महाभारत के युग को साक्षात देख सकेगी। इसी प्रकार, भगवान श्री कृष्ण जी के पवित्र शंख 'पंचजन्य' का लोकार्पण भी किया गया है। इस अवसर पर हरियाणा के बिजली मंत्री अनिल विज, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, राजस्व मंत्री विपुल गोयल, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, सिंचाई मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रोच्चारण के बीच की ब्रह्मसरोवर पर सांध्य कालीन महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव- 2025 में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर मंत्रोच्चारण के बीच महाआरती की और देशवासियों की उन्नति और तरक्की के लिए प्रार्थना की। उन्होंने दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रूप से महाआरती का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के आगमन से कुरुक्षेत्र के इतिहास के साथ एक नया अध्याय जुड़ गया। यह अवसर इसलिए भी खास है कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से ही हरियाणा सरकार द्वारा लगातार गीता के संदेश को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए लगातार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के रथ के समक्ष केडीबी के सदस्यों और विभिन्न देशों से आए शोधकतार्ओं के साथ एक यादगारी चित्र भी करवाया। इस यादगारी चित्र में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रह्मसरोवर का अवलोकन करने के उपरान्त ब्रह्मसरोवर पुरूषोत्मपुरा बाग की महाआरती कार्यक्रम में भी भाग लिया।

- प्रधानमंत्री का अंतरराट्रीय गीता महोत्सव 2025 में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया स्वागत



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर पर सांध्य कालीन महाआरती करते प्रधानमंत्री।

### कुरुक्षेत्र की पवित्र स्थली से पूरे विश्व को गीता का ज्ञान मिला

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व को गीता का उपदेश दिया। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश आज भी पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक हैं। इसलिए कुरुक्षेत्र की पूरे विश्व में आध्यात्मिक रूप से अनूठी पहचान है। इस पावन धरा पर हर वर्ष कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव और सभी संस्थाओं की तरफ से भी गीता महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस सांध्यकालीन महाआरती को देखने पर सुखद अहसास होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्मक्षेत्र - कुरुक्षेत्र की पवित्र स्थली ज्योतिसर से पूरे विश्व को गीता का ज्ञान मिला। गीता में दिए ज्ञान में मानव की हर समस्या का समाधान निहित है। गीता के श्लोकों का स्मरण करने से जहां मन को शांति मिलती है वहीं हमारे आध्यात्मिक ज्ञान में भी वृद्घि होती है।



## देश में स्थापित होंगी 150 नई चीनी मिलें: डॉ. अरविंद शर्मा

**शाहबाद।** सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने में सहकारिता क्षेत्र अहम भूमिका निभाएगा। इसी दिशा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा देश में 150 नई चीनी मिलें स्थापित करने की योजना बनाई गई है। हरियाणा में नारायणगढ़ में नई सहकारी चीनी मिल बनाने का कार्य प्रगति पर है।शाहबाद सहकारी चीनी मिल के 42वें पेराई सीजन के ऑनलाइन शुभारंभ पर डॉ. शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गन्ना किसानों के लिए देश में सर्वाधिक भाव—अगेती किस्म का 415 रुपये और पछेती किस्म का 408 रुपये प्रति क्विंटल—घोषित किया है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टोकन सिस्टम से किसानों का 10 से 12 घंटे समय बचा है। पिछले वर्ष किसानों को मिल से जोड़ने के प्रयासों का परिणाम है कि इस बार शाहबाद मिल में दो लाख क्विंटल अधिक गन्ना क्रशिंग के लिए पहुंचेगा।उन्होंने कहा कि किसानों को हार्वेस्टिंग मशीन सब्सिडी पर मुहैया कराने और नई प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करने के लिए वे जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। डॉ. शर्मा ने मिल प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे किसानों का विशेष ध्यान रखें और सुनिश्चित करें कि किसी किसान को कोई परेशानी न हो। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, सांसद नवीन जिंदल, विधायक रामकरण काला सहित किसान व अधिकारी मौजूद रहे।

**शहीदी दिवस** श्रीगुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर प्रदेशभर में आयोजित किए गए भव्य कार्यक्रम : भंडारी

कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा

## गुरुद्वारा छटी पातशाही साहिब से गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को पूरे प्रदेश में गरिमापूर्ण तरीके के साथ मनाया जा रहा है। इस दिवस को लेकर प्रदेशभर में 1 नवंबर से 25 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का भी भव्य तरीके से आयोजन किया गया। अब मंगलवार को कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी मंगलवार को छठी पातशाही गुरुद्वारा साहिब कुरुक्षेत्र से गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी यात्रा को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर



आयोजित समागम स्थल के लिए रवाना करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन जगदीश सिंह झिंडा, छटी पातशाही गुरुद्वारा साहिब कुरुक्षेत्र के प्रमुख हरमन सिंह ने गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहिब पर शीश नवाया। इसके उपरांत सभी मेहमानों ने गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी को कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना किया। इस मौके पर कंवलजीत सिंह अजराना, दर्शन सिंह सैनी, साहब सिंह, मनदीप सिंह, हरिंद्र सिंह, गुरप्रीत, कुलवीर, हरियाणा सिख समुदाय के कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## गुरु तेग बहादुर की शहादत को रखे याद : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शाहबाद से हजारों की संख्या में संगत जो बोले सो निहाल के जयकारों के साथ श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन करने के लिए कुरूक्षेत्र रवाना हुई। संगत से भरी बसों, कारों व अन्य वाहनों के काफिले को भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने रवाना किया। सुभाष कलसाना ने कहा कि वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने श्री गुरू तेग बहादुर जी के शहादत दिवस को मनाने के लिए कुरूक्षेत्र की धरा को चुना। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन है जब हरियाणा प्रांत के लाखों लोग एक साथ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ श्री गुरू तेग बहादुर जी की शहादत को नमन करने का मौका मिला है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, पार्षद ईशु सचदेवा, सोनिया मेहंदीरत्ता, कमित सचदेवा, अनिल गोलपुरा, एडवोकेट मनदीप रावा, पिंटू यारा, राकेश गर्ग, तिलक राज, श्याम रावत, सतीश संभालखी, मोतीराम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**शाहबाद।** संगत को कुरुक्षेत्र रवाना करते सुभाष कलसाना।

